कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री गंगाराम सैनी पुत्र स्व.श्री नानगराम सैनी निवासी धौलाभाटा ढाणी(बसवा वाले) ग्राम हरसौरा (अरणियाँ) तहसील बसवा जिला दौसा राजस्थान

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी बांदीकुई/तहसीलदार बांदीकुई

अपील संख्या 129/2022

निर्णय

दिनांक 28.12.2022

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी बांदीकुई जिला दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वांछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी बांदीकुई जिला दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी उपखंड अधिकारी बांदीकुई को पत्र कमांकः डीएम/कोर्ट/2022/2982 दिनांक 28.11.2022 एवं स्मरण पत्र कमांकः 3077 दिनांक 19.12.2022 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना अविलंब उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी बांदीकुई ने पत्र कमांकः आरटीआई/2022/43 दिनांक 30.11.2022 के द्वारा अवगत कराया है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना तहसीलदार बांदीकुई से संबंधित है। लोक सूचना अधिकारी उपखंड अधिकारी बांदीकुई ने तहसीलदार बांदीकुई को अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध कराने के निर्देश दिये जाने के उपरांत भी तहसीलदार बांदीकुई ने सूचना उपलब्ध नहीं कराई है। उक्त पत्रादि की प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि तहसीलदार बांदीकुई ने अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई है। ऐसी स्थिति में अपील आंशिक स्वीकार योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट आंशिक स्वीकार की जाती है। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार बांदीकुई को निर्देश दिये जाते हैं कि अपीलांट को वांछित सूचना/नकल आदेश प्राप्ति के 07 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

(कमर चौधरी)
जिला कलक्टर, दौसा

जिला कलेक्टर दौसा

न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट दौसा

Signature Not Verified
Digitally signed by Qummer Ul Zaman Choudhary
Date: 2023.02.15 13:14:32 IST
Reason: SelfAttested